गुजरात के गढ़ में आरसीबी की 'विराट' जीत

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने रचा इतिहास, धोनी और रोहित के क्लब में हुए शामिल

मैच का टर्निंग प्वाइंट

- गिल का जल्दी विकेट
- गुजरात दबाव में आया
- सुदर्शन बड़ी पारी न खेल सके

अहमदाबाद 31 मई. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल 2026 की चैंपियन बन गई है. फाइनल में बेंगलुरू ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा दिया है. यह लगातार दूसरा साल है जब आरसीबी ने इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब जीता है. गुजरात की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 155 रन बनाए थे, जवाब में आरसीबी ने 18वें ओवर में ही लक्ष्य को हासिल करके इतिहास रच दिया. विराट कोहली ने नाबाद 75 रनों की पारी खेली.

रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने इतिहास रच किया है. पाटीदार अब एमएस धोनी और रोहित शर्मा के बाद ऐसे केवल तीसरे कप्तान बने हैं, जिन्होंने लगातार 2 खिताब जीते हों. कमेंटेटर्स से लेकर एक्सपर्ट्स भी कहते रहे कि इस मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना सही फैसला साबित हो सकता है. मगर पाटीदार और आरसीबी मैनेजमेंट ने कुछ और ही सोच रखा था. बेंगलुरू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी. आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस के साथ सबसे बड़ी समस्या यही रही कि शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर के जल्दी आउट होने पर पूरी टीम फ्लॉप हो जाती है. फाइनल में भी कुछ ऐसा ही हुआ, क्योंकि शुभमन गिल (10 रन), साई सुदर्शन (12 रन) और जोस बटलर (19) जल्दी आउट हो गए. वाशिंगटन सुंदर ने 50 रनों की पारी खेल, जैसे-तैसे गुजरात का स्कोर 155 रनों तक पहुंचाया था. बेंगलुरू की ओर से रसिख डार सलाम ने कहर बरपाते हुए सबसे अधिक 3 विकेट चटकाए. 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली ने तूफानी शुरुआत दिलाई. पावरप्ले में ही बेंगलुरू 70 रन बना चुकी थी. अय्यर ने 16 गेंद में 32 रन बनाए. टिम डेविड ने 24 रन और रजत पाटीदार ने 15 रनों का छोटा योगदान दिया. मगर बेंगलुरू की जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने 42 गेंद में नाबाद 75 रनों की पारी खेली. आरसीबी के लिए विनिंग शॉट भी विराट ने ही लगाया. उन्होंने अरशद खान की गेंद पर छक्का लगाकर आरसीबी का चैंपियन बनना सुनिश्चित किया.

आरसीबी पर हुई धनवर्षा

- ट्रॉफी जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 20 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिली है.

रनरअप गुजरात पर भी बरसी रकम

- फाइनल में हारने वाली गुजरात टाइटंस को भी प्राइज मनी के रूप में बंपर रकम मिली. शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात को 12.5 करोड़ रुपये मिले.

टॉप-3 और टॉप-4 की टीमों को भी करोड़ों

- पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद टेबल में तीसरे और रियान पराग की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स चौथे पायदान पर रही. तीसरे नंबर की हैदराबाद को 7 करोड़ रुपये और चौथे पायदान की राजस्थान को 6.5 करोड़ रुपये की रकम मिली.

खिलाड़ियों को मिलने वाले अवॉर्ड की रकम

- ऑरेंज कैप का खिताब जीतने वाले वैभव सूर्यवंशी की प्राइज मनी- 10 लाख रुपये
- मोस्ट वैल्यूएबल खिलाड़ी का खिताब जीतने वाले वैभव सूर्यवंशी की प्राइज मनी- 10 लाख रुपये
- इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब जीतने वाले वैभव सूर्यवंशी की प्राइज मनी- 10 लाख रुपये
- सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी की प्राइज मनी- 10 लाख रुपये

- पर्पल कैप का खिताब जीतने वाले कगिसो रबाडा की प्राइज मनी- 10 लाख रुपये

वैभव सूर्यवंशी ने जीती ऑरेंज कैप

राजस्थान रॉयल्स के आईपीएल 2026 से बाहर होने के बाद भी वैभव सूर्यवंशी रिकॉर्ड बना गए. वैभव आईपीएल की ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं. गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल और साई सुदर्शन उनके सबसे नजदीकी प्रतिद्वंदी थे, लेकिन फाइनल में दोनों बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए. वैभव ने केवल 15 साल की उम्र में ऑरेंज कैप जीतने की उपलब्धि हासिल की है. वो जोस बटलर के बाद ऐसे केवल दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाया है. बटलर ने 2022 सीजन में राजस्थान के लिए खेलते हुए ऑरेंज कैप जीती थी. सिर्फ साई सुदर्शन और शुभमन गिल ही ऐसे 2 बल्लेबाज थे, जो वास्तविक रूप में वैभव को पीछे छोड़ सकते थे. मगर फाइनल में गिल केवल 10 रन बना पाए और सुदर्शन ने 12 रन बनाए. उनके आउट होते ही वैभव का ऑरेंज कैप जीतना पक्का हो गया. उनके बाद सबसे ज्यादा रन बनाने की सूची में विराट कोहली हैं, जो वैभव से 176 रन दूर हैं.

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली में 37 की उम्र में भी मैदान पर 18 साल की उम्र वाले खिलाड़ी जैसा जोश और मस्ती कायम है. आईपीएल के फाइनल में शुभमन गिल के विकेट पर विराट कोहली का एग्रेसिव रिएक्शन देखते बनता था.

एक नजर में

रियान पराग की जगह गायकवाड़ शामिल

मुम्बई. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को घोषणा की कि श्रीलंका में होने वाली आगामी त्रिकोणीय के लिए इंडिया 'ए' टीम में रियान पराग की जगह ऋतुराज गायकवाड़ को शामिल किया गया है. पराग, जिन्हें टीम का उप-कप्तान बनाया गया था, हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर हो गए हैं. अब वह बेंगलुरु के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने का प्रशिक्षण) पूरा करेंगे. पराग आईपीएल 2026 सीज़न के दौरान राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे थे; उन्होंने टीम को 'क्वालीफायर 2' तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी. चोट के कारण वह कुछ मैच खेल भी नहीं पाए थे. गायकवाड़ अब टीम के उप-कप्तान की जिम्मेदारी भी संभालेंगे. इस बदलाव के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए इंडिया 'ए' टीम इस प्रकार है:- तिलक वर्मा (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, सूर्यांश शेडगे.

कोच, युवा फुटबॉल खिलाडियों से की बातचीत

शिलांग/गुवाहाटी. केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने रविवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब का दौरा कर प्रबंधन, कोचिंग स्टाफ और युवा फुटबॉलरों से बातचीत की. उन्होंने पूरे देश से, खासकर नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र से, फुटबॉल प्रतिभा को पहचानने और निखारने की दिशा में क्लब के प्रयासों की सराहना की. इस दौरे में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मंदार ताम्हणे; रोहित थोरात; तकनीकी निदेशक और रिजर्व टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा; और क्लब की मैनेजमेंट टीम, कोचिंग स्टाफ और युवा फुटबॉलरों के सदस्य शामिल थे. बातचीत के दौरान, क्लब के नेतृत्व ने श्रीमती रक्षा खडसे को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के युवा विकास के दर्शन, प्रतिभा पहचान के ढांचे और युवा फुटबॉलरों के लिए एक टिकाऊ रास्ता बनाने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी. चयन प्रक्रिया के लिए लगभग 60 होनहार युवा खिलाड़ियों को अंतिम चयन ट्रायल के लिए गुवाहाटी आमंत्रित किया गया था.



चिराग-सात्विक ने जीता सिंगापुर ओपन

- इंडोनेशिया जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम
- पहला गेम इंडोनेशिया ने 21-18 से जीता

सिंगापुर, 31 मई. भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2026 में पुरुषों का डबल्स खिताब जीतकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर अपने दो साल लंबे खिताब के सूखे को आखिरकार खत्म कर दिया.

युगल बैडमिंटन रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में दुनिया की तीसरे नंबर की इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री की जोड़ी को 73 मिनट में 18-21, 21-17, 21-16 के स्कोर से हराया. यह सात्विक और चिराग का टूर पर 2024 थाईलैंड ओपन के बाद पहला खिताब था, जो दो साल पहले मई में ही हुआ था. ये भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, जो पिछले कुछ सालों में तीन फाइनल में खिताब से चूक गए थे जिसमें इस महीने की शुरुआत में हुआ थाईलैंड ओपन भी शामिल है.

> पहले गेम में दोनों टीमों के बीच कई बार बढ़त बदली, लेकिन खेल के अहम मोड़ पर इंडोनेशियाई जोड़ी ने बढ़त बना ली. 18-17 से पीछे चल रहे अल्फियान-फिक्री ने लगातार चार अंक हासिल करके बढ़त बना ली. दूसरे गेम की शुरुआत में दोनों टीमों के बीच कोई खास अंतर नहीं था. हालांकि, 8-8 के स्कोर पर लगातार छह अंक हासिल करके भारतीय जोड़ी ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली.

थाईलैंड एशियाई खेलों के लिए किया क्वालिफाई

मलेशिया और चीन की महिला क्रिकेट टीमों ने भी कर लिया क्वालिफाई

नयी दिल्ली, 31 मई थाईलैंड, मलेशिया और चीन की महिला क्रिकेट टीमों ने सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची प्रीफेक्चर और नागोया में होने वाले इस वर्ष सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाई कर लिया.

थाईलैंड और मलेशिया की टीमों ने 2026 एशियाई खेल में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालिफ़ाइंग टूर्नामेंट का फाइनल हुआ था, चीन इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा था. क्वालालंपुर में 26 मई से 31 मई के बीच खेले गए क्वालिफ़ाइंग टूर्नामेंट में, थाईलैंड ने मलेशिया और हांगकांग को हराकर ग्रुप ए में पहला स्थान हासिल किया. इसके बाद मलेशिया ने हांगकांग को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां ग्रुप बी में शीर्ष पर रहे नेपाल और दूसरे स्थान पर रहे चीन भी इन दोनों टीमों के साथ शामिल हो गए. सेमीफ़ाइनल में, थाईलैंड ने चीन को 53 रन पर ऑल आउट करके 83 रनों से हराया, और मलेशिया ने नेपाल के 126 रन (6 विकेट के नुकसान पर) के स्कोर को दो विकेट और आठ गेंदें शेष रहते हुए पार कर लिया.

> एशियाई खेलों में, महिला क्रिकेट टी-20 प्रारुप में आठ टीमों के बीच खेला जाएगा, जिसमें इस क्षेत्र के चार पूर्णकालिक सदस्य बंगलादेश, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका - के साथ-साथ मेजबान जापान को भी सीधे क्वालिफ़िकेशन मिल गया है. थाईलैंड, वैसे भी, महिला क्रिकेट में टॉप-रेटेड एसोसिएट टीमों में से एक है, और 2019 में क्वालीफ़ायर पास करने के बाद 2020 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लिया था.

आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम खत्म होना चाहिए : तेंदुलकर

मुम्बई 31 मई दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म कर दिया जाना चाहिए.

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले आईपीएल 2026 फाइनल से एक रात पहले 21वीं सदी के महानतम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के लिए आयोजित ईएसपीएन क्रिकइंफो पुरस्कार समारोह में तेंदुलकर ने कहा, 'मेरी व्यक्तिगत राय में कुछ चीज़ें हैं, जिनके बारे में मैं कहना चाहूंगा. मुझे लगता है कि इंपैक्ट प्लेयर नियम को हटा देना चाहिए.



उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि टी-20 प्रारुप में आपको केवल 20 ओवर ही खेलने होते हैं और फिर आप बल्लेबाजी लाइन-अप में एक अतिरिक्त बल्लेबाज जोड़ देते हैं. जब गेंदबाज पहले से ही बेहद चुनौती झेल रहे हैं, तो मुझे यह असंतुलन लगता है.'

पाक ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया

रावलपिंडी 31 मई अराफात मिन्हास (पांच विकेट/ नाबाद 18 रन), बाबर आजम (69) और गाजी गौरी (65) की शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार रात खेले गये पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 45 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी.

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है. 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने 42.3 ओवरों में पांच विकेट पर 202 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक (69) रन बनाये. गाजी गौरी ने (65) रनों की पारी खेली. इसके अलावा साहिबजादा फरहान ने (28) और अराफात मिन्हास ने (नाबाद 18) रनों की पारी खेली.



जेपीएल की नीलामी में 15.25 लाख में बिके रॉबिन

जमशेदपुर. विकेटकीपर-बल्लेबाज रॉबिन मिंज पहली झारखंड प्रीमियर लीग (जेपीएल) की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे. उन्हें कोयलंचल सुपर किंग्स ने 15.25 लाख रुपये की सफल बोली लगाकर खरीदा. लीग के पहले संस्करण से पहले जमशेदपुर में आयोजित इस नीलामी में राज्य के कई प्रमुख क्रिकेटरों के लिए फ्रेंचाइजी के बीच कड़ी बोली देखने को मिली. रॉबिन मिंज, जिनकी बेस प्राइस 4 लाख रुपये थी, प्रतिस्पर्धी बोली के बाद उनकी कीमत में तेजी से उछाल आया. गुमला के इस क्रिकेटर, जो पहले मुंबई इंडियंस टीम से जुड़े रहे हैं, ने नीलामी सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया. विराट सिंह दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिन्हें छोटानागपुर रॉयल्स ने 13 लाख रुपये में खरीदा, जबकि एम.डी. कैफ को जमशेदपुर स्टीलर्स ने 12.50 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया. तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा और शिखर मोहन को 11-11 लाख रुपये मिले, जबकि पंकज कुमार को 10.75 लाख रुपये में खरीदा गया. राजदीप सिंह को 9 लाख रुपये की बोली मिली, जिसके बाद साहिल राज को 8.75 लाख रुपये में खरीदा गया. मोहम्मद नाजिम सिद्दीकी और बाल कृष्ण को 7.25-7.25 लाख रुपये में खरीदा गया.

पूल ए मुकाबला भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम को जापान से 2-4 से हार मिली

अंडर-18 एशिया कप में जापान ने भारत को हराया

काकामिगाहारा (जापान), 31 मई भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम को रविवार को यहां आयोजित अंडर-18 एशिया कप 2026 के पूल ए मुकाबले में मेजबान जापान के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा.

भारत के लिए दो गोल आशीष तानी पूर्ति ने (25वें) और कप्तान केतन कुशवाहा ने (32वें) मिनट में किए, जबकि जापान के लिए कप्तान योशिओका माहिरो (15वें), फुजिवारा युमा (20वें), यासुई केंगो (34वें) और ताकाहाशी आओने (42वे) मिनट में गोल किये. पहला क्वार्टर काफी कड़ा रहा, जिसमें दोनों टीमें मिडफील्ड में गेंद पर कब्जे के

लिए संघर्ष कर रही थीं. हालांकि, जापान ने 15वें मिनट में गतिरोध तोड़ दिया. मेजबान टीम के लिए कप्तान योशिओका माहिरो ने (15वें) मिनट में गोल दाग दिया. कुछ ही देर बाद दूसरे क्वार्टर में, फुजिवारा युमा (20व?) मिनट में एक ज़ोरदार बैकहैंड शॉट मारकर मेज़बान टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया. पांच मिनट बाद, भारत को दिन का अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे आशीष तानी पूर्ति ने (25वें) मिनट में सटीक शॉट की बदौलत सफलतापूर्वक गोल में बदला गया, जिससे हाफ़टाइम से पहले भारत ने गोलों का अंतर कम कर लिया.

भारत ने दूसरे हाफ़ की शुरुआत जोरदार तरीके से की और 32वें मिनट में ही बराबरी का गोल दाग दिया. मेहमान टीम को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे शुरू में जापानी गोलकीपर ने बचा लिया था. हालाँकि, जापान गेंद को समय पर क्लियर करने में नाकाम रहा, और कप्तान केतन कुशवाहा (32') ने गोल के सामने पड़ी ढीली गेंद पर झपट्टा मारा और उसे गोलकीपर के ऊपर से चिप करते हुए खेल को बराबरी पर ला दिया.

> जापान को 34वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे एक बार फिर एक नई रणनीति के ज़रिए गोल में बदल दिया गया. इस बार, वतानाबे अत्सुहिरो ने यासुई केंगो (34') को एक ज़ोरदार पास दिया, जिन्होंने गेंद को नेट में डाल दिया. तीसरे क्वार्टर में तीन मिनट बाकी रहते, जापान ने ताकाहाशी आओने (42') के एक फील्ड गोल की मदद से अपनी बढ़त और बढ़ा ली. भारत ने आखिरी क्वार्टर में मैच में वापसी करने की कोशिश में कई हमले किए, लेकिन जापान अपनी जगह पर डटा रहा और यह सुनिश्चित किया कि मैच के आखिर तक उनका गोल सुरक्षित रहे और उन्होंने तीन अंक हासिल किए.